इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब

चर्चा में क्यों?

24 मई, 2022 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि नांगल चौधरी (महेंद्रगढ़) में 900 एकड़ से अधिक क्षेत्र में उत्तर भारत में सबसे बड़े इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक हब के रूप में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने यह बात हरियाणा से गुज़रने वाली फ्रेट कॉरिडोर परियोजनाओं के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में कही।
- उन्होंने इस इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब को दिल्ली-मुंबई डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से कनेक्ट करने के लिये डीएफसीसीआईएल द्वारा कनेक्टिंग लाइन बनाए जाने के कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश भी दिये।
- हरियाणा से 246 किमी. लंबाई के ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर गुजरेंगे, जिनके बनने से एक ओर जहाँ यातायात में सुगमता होगी तो वहीं ये कॉरिडोर हरियाणा के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देंगे।
- 1506 किमी. लंबा वेस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों से होकर गुजरेगा और 177 किमी. स्ट्रेच हरियाणा में बनेगा।
- इसी प्रकार, 1875 किमी. लंबा ईस्टर्न डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर गुज़रेगा और 72 किमी. स्ट्रेच हरियाणा में बनेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/integrated-multi-modal-logistic-hub